>

Title: Need to set up Agriculture based industries, Dairy Sector, Horticulture in Banswara Parliamentary Constituency, Rajasthan. - Laid

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): मैं माननीय कृषि मंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री जी का ध्यान अपने बांसवाड़ा-डूंगरपुर संसदीय क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जहां पर प्राकृतिक संसाधनों के बाहुल्य के बावजूद अत्यधिक गरीबी है । यहां अधिकतर लोगों के पास स्थायी सम्पत्ति नहीं है तथा लोग अत्यन्त गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं । क्षेत्र में किसी भी तरह का उद्योग नहीं है तथा कृषि उत्पादों की स्थिति भी निराशाजनक है ।

मेरा माननीय कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों, डेयरी बागवानी को स्थापित करने हेतु विशेष योजना का सृजन करें । माननीय उद्योग मंत्री से भी निवेदन करना चाहता हूं कि कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर इस क्षेत्र में उद्योग स्थापना में सहायता करने की कृपा करें । इसके अतिरिक्त सरकार इस क्षेत्र के संसाधनों पर आधारित अन्य योजना क्रियान्वित करने की रणनीति बनाएं ताकि क्षेत्र के लोगों के जनजीवन के स्तर को सुधारा जा सके एवं समावेशी आर्थिक विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारा जा सके ।